भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3512**
दिनांक 24 जुलाई , 2019 / 2 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एयर इंडिया के लाभों की स्थिति

3512. श्री संजय सिंह:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या यह सच है कि इस वर्ष एयर इंडिया द्वारा लाभ कमाने की संभावना है;
(ख) यदि हां, तो इसे प्राप्त करने के लिए किन उपायों का कार्यान्वयन किया गया है; और
(ग) इन उपायों का परिणाम क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): एयर इंडिया लिमिटेड को इस वर्ष निवल लाभ होने की कोई आशा नहीं है।

(ख) तथा (ग): एअर इंडिया को विनिवेश के लिए प्रभावपूर्ण रूप से तैयार करने के लिए सरकार ने एअर इंडिया में प्रचालनिक और वित्तीय कुशलता हेतु जीर्णोद्धार योजना तैयार की है। एअर इंडिया की जीर्णोद्धार योजना का मुख्य उद्देश्य वित्तीय एवं प्रचालनिक कुशलताओं को प्राप्त करना है, ताकि राजस्व में व्यापक वृद्धि और लागत में बचत की स्थिति को प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त, दिनांक 07.09.2018 को वित्त मंत्री महोदय द्वारा ली गई बैठक में सरकार ने प्रचालनिक और वित्तीय निष्पादन मापदंडों का निर्धारण किया था और सचिव, नागर विमानन मंत्रालय की अध्यक्षता के अंतर्गत आयोजित समीक्षा बैठकों के माध्यम से इनकी नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। तथापि, सरकार एअर इंडिया के विनिवेश के प्रति प्रतिबद्ध है।

*****